तापमान
अधिकतम 39.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि

रायपुर, बुधवार 17 अप्रैल 2024

11 रमईपाठ के जंगलों में वनवास काल के दौरान...



12 नवापारा शहर के मां काली के दरबार में हवन-पूजन...





## नवरात्रि विशेष



### नवमी: सिद्धिदात्री

नवम नवरात्रि को देवी माता के मंडपों में सिद्धिदात्री देवी की आराधना होती है। सिद्धिदात्री मां दुर्गा का नौवां स्वरूप है। माता की यह शक्ति सभी प्रकार की सिद्धियां देने वाली है। मार्कंडेय पुराण के अनुसार अणिमा, महिमा, गरिमा, लांघना, प्राप्ति, प्राकाम्य, ईशित्व और वशित्व यह आठ सिद्धियां है। ब्रह्मवैवर्तपुराण के श्रीकृष्ण जन्म खंड में यह संख्या अठारह बताई गई है। सिद्धिदात्री को ही जगत को चलाने वाली देवी कहा गया है। देवी पुराण के अनुसार महादेव ने इनकी कृपा से ही सिद्धियां प्राप्त की थी। इन्ही के कृपा से सदाशिव का आधा शरीर देवी का हुआ है। यह भी कथा है कि मधु-कैटभ के वध के लिए महादेवी ने महामाया फैलाई और उसके अनेक रुप हो गए। भ्रमित दानवों ने पूछा कि देवी जब तुम अकेली हो तो इतनी सारी शक्तियां कौन है। तब देवी ने कहा कि सब मेरी शक्तियां हैं। मुझसे अलग कुछ नहीं है। इतना कहते देवी ने तमाम शक्तियां समेट ली और केवल सिद्धिदात्री मां ही रह गई। ऐसे ही समुद्र मंथन के समय सिद्धिदात्री देवी ने ही असुओं को भ्रम में डाला था। सिद्धिदात्री मां कमला ही धन-धान्य की प्रतीक हैं। मां सिद्धिदात्री चार भुजाओं वाली है। कमल पुष्प इनका आसन है। देवी के दाहिने तरफ के नीचे वाले हाथ में चंद्र, उपर वाले हाथ में गदा और बांई तरफ के नीचे वाले हाथ में शंख और उपर वाले हाथ में कमल पुष्प है। जगत का कल्याण करने वाली यह देवी नवरात्री की अधिष्ठात्री भी है। सिद्धिदात्री मां के भक्तों की लौकिक-पारलौकिक सभी प्रकार की कामनाएं पूर्ण होती हैं। सिद्धिदात्री माता का आराधना का मंत्र है-
सिद्धगंधर्वयक्षाद्यैरसुरैरमरैरपि।
सेव्यमाना सदा भूयात सिद्धिदा सिद्धिदायिनी।।

# जिले के 50 से अधिक वरिष्ठ नागरिक एवं दिव्यांगजनों ने किया होम वोटिंग से मतदान

## वरिष्ठ नागरिक एवं दिव्यांगजनों में होम वोटिंग को लेकर रहा काफी उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन - 2024 में सभी मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित कराने के लिए विशेष पहल की गई है। इसी क्रम में 85 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिक तथा 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग मतदाताओं को मतदान केन्द्र तक जाने में किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसे दृष्टिगत रखते हुए ऐसे वोटर्स को आयोग द्वारा डोर टू डोर वोटिंग की सुविधा प्रदान करते हुए डाक मतपत्र से मतदान आज से किया जा रहा है। जिले के वरिष्ठजन और दिव्यांजन भी उत्साह के साथ लोकतंत्र के इस महापर्व में मताधिकार प्रयोग कर अपनी जिम्मेदारी का बखूबी ढंग से निर्वहन कर रहे है और आयोग की इस व्यवस्था की सराहना कर रहे है। निर्वाचन आयोग ने लोकसभा आम चुनाव 2024 में पहली बार 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के बुजुर्गों और दिव्यांगों के लिए होम वोटिंग की सुविधा प्रदान की। जिले में द्वितीय चरण में 26 अप्रैल को मतदान होगा। इस प्रक्रिया में पोलिंग पार्टियां घर-घर जाकर 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं से मतदान करवाया गया। साथ ही निष्पक्ष एवं स्वतंत्र मतदान के लिए वीडियो रिकार्डिंग भी कराया गया। मतदाताओं ने पूर्ण उत्साह के साथ होम वोटिंग का लाभ उठाया तथा चुनाव आयोग की इस पहल की प्रशंसा की। उन्होंने बताया कि निर्वाचन आयोग ने बुजुर्गों एवं विशेष योग्यजनों को होम ▶▶|शेष पेज 11 पर



### वोट देकर लोकतंत्र के निर्माण में अपनी दर्ज कराई उपस्थिति

ग्राम छुरा के 98 वर्षीय वृद्ध श्री बाबूनंदन जायसवाल, हिरन्तिन सिन्हा, मुन्नाबाई ध्रुव ने डाक मतपत्र के जरिए घर में ही अपना वोट डाला। वहीं फिंगेश्वर के जलवंतिन बाई, ग्राम टेमरा के श्री खगेश्वर प्रसाद बेहरा, ग्राम कोपरा के दिव्यांग श्री दीपक साहू, गरियाबंद के पतिराम जगत, ग्राम सड़क परसुली की रूपौतिन बाई, ग्राम कोचवाय की सुनीति बाई सोम, ग्राम पीपरहट्टा के कुतुबुद्दीन, कसेकेरा की कृष्णा बाई निर्मलकर, ने वोट देकर लोकतंत्र के निर्माण में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। ये गरियाबंद जिला प्रशासन के लिए अच्छी खबर है। उनकी वोटिंग को बढ़ाने के लिए की गई मेहनत धरातल पर दिख रही है।



## चुनाव : डिप्टी सीएम शर्मा ने जिले का दौरा कर खड़मा, छुरा, बेलर और कोपरा में सभा को किया संबोधित

# डिप्टी सीएम ने कहा- पीएम मोदी के 10 सालों का काम सिर्फ ट्रेलर था, अभी फिल्म बाकी है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद/ छुरा/ छुईहा बेलर/ मुड़ागांव

प्रदेश के डिप्टी सीएम विजय शर्मा मंगलवार को गरियाबंद जिले के दौर में रहे। इस दौरान हुए वे खड़मा, छुरा, बेलर और कोपरा में भाजपा प्रत्याशी रूप कुमारी चौधरी के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित किया। पहली सभा उन्होंने छुरा विकासखंड के ग्राम खड़मा में की। सभा में उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि आज देश सुरक्षित हाथों में है। देश की जनता नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना चाहती है। देश में पहली बार प्रोइनकंबसी का माहौल है। श्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के 10 सालों का काम सिर्फ ट्रेलर था अभी फिल्म बाकी है। कांग्रेस पर निशाना साधते कहा की कांग्रेस ने झूठ बोला। महिलाओं से 500 रुपए देने की घोषणा की थी। एक रुपए नहीं दिया। गरीबों का आवास रोक दिया। किसानों को दो साल का बोनस नहीं दिया। अब ऐसे लोगों को फिर मौका नहीं देना है।

उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार ने मात्र तीन महिला में सभी गारंटी पूरी की। महिलाओं को एक हजार महीने मिल रहा है। किसानों को दो साल का बोनस मिला। ये जनता के विश्वास से भाजपा के सरकार में आने के बाद संभव हुआ। भाजपा को सरकार आती है तो विकास भी दिखाता है।





### ताम्रध्वज साहू दुर्ग से हार कर महासमुंद आए

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने चुनावी सभा में सीधे कांग्रेस प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू पर भी निशाना साधा। डिप्टी सीएम शर्मा ने कहा कि ताम्रध्वज साहू कांग्रेस सरकार में पांच साल गृह मंत्री रहे। इस दौरान प्रदेश में अराजकता का माहौल रहा। आए दिन लूटपाट, चोरी, चाकूबाजी की घटना होती थी। महिलाएं सुरक्षित नही थी। लचर कानून व्यवस्था के कारण नक्सलवाद को बढ़ावा मिला। नक्सली क्षेत्र में विकास के सारे काम रुक गए। अब दुर्ग में हारने के बाद ये महासमुंद लोकसभा में आ गए है। उन्होंने कहा कि महासमुंद की जनता विकास और शांति चाहती है। ऐसे लोगों को दुबारा मौका देना नही चाहती। यहां मोदी के गारंटी पर जनता मोहर लगाएगी।

### भाजपा की सरकार बनते ही विकास के पहिए को फिर से गति मिली : रोहित

विधायक रोहित साहू ने कहा कि तीन महीने पहले जनता के आशीर्वाद से प्रदेश में सुशासन की भाजपा सरकार बनी। भाजपा की सरकार बनते में प्रदेश में गांव गरीब किसानों के आर्थिक समृद्धि और विकास की पहिए को फिर से गति मिली। पांच साल के काम को भाजपा ने तीन महीने में पूरा करके दिखाया है। सत्ता में आते ही 18 लाख गरीबों को आवास, किसानों को 21 क्विंटल धान की खरीदी, दो साल का बोनस, महिलाओं को एक हजार रुपए, तेंदूपत्ता संग्राहकों से 5500 रुपए में खरीदी सहित सभी गारंटी पूरी की। उन्होंने कहा कि सुशासन की सरकार चुनने कमल को जिताएं। मोदी जी के हाथों को मजबूत करे। कार्यक्रम को पूर्व सांसद चंदूलाल साहू, जिला अध्यक्ष राजेश साहू ने भी संबोधित करते हुए पार्टी कार्यकर्ताओं को जीत का आव्हान किया। इस अवसर पर विधानसभा संयोजक भागवत हरित, जिला सह प्रभारी किशोर महानंद, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ. श्वेता शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष गफ़्फ़ू मेमन जिला महामंत्री अनिल चंद्राकर

जिला कोषाध्यक्ष राहुल सेन, जिला उपाध्यक्ष महेश यादव, गोपचंद बनर्जी, रामूराम साहू, श्यामलाल सोरी, यादराम साहू, अघन सिंह ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य चंद्र शेखर साहू, फिरतुराम कंवर, किसान मोर्चा अध्यक्ष मनीष हरित, अजय रोहरा, सागर मयाणी, सुमित पारख, पांडुका मंडल अध्यक्ष संदीप पाण्डेय, महामंत्री प्रकाश सिन्हा, किशन कंडरा, वीरेंद्र साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# रामनवमीं पर आज निकलेगी शोभायात्रा



**मैनपुर।** श्रीराम नवमीं के अवसर पर मैनपुर में विशाल शोभायात्रा निकालकर अनेक धार्मिक कार्यक्रम किये जायेंगें। जिसके लिये श्री राम सेना हिन्दु संगठन मैनपुर द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही है पूरे मैनपुर नगर को भगवा ध्वज व तोरण पताको से सजाया जा रहा है। नगर के मुख्य मार्ग सहित श्रीरामजानकी मंदिर हरदीभाठा से लेकर मैनपुर तक चारो तरफ सिर्फ भगवा ध्वज ही नजर आ रहा है तो श्री राम सेना के सदस्य लगातार श्रीराम जन्मोत्सव मनाने की तैयारी की जा रही है। इस संबंध में श्रीरामसेना के अध्यक्ष मोहित द्विवेदी ने बताया की हर वर्ष की भांति मैनपुर में इस वर्ष भी राम जन्मोत्सव धूमधाम के साथ श्रीराम सेना हिन्दुसंगठन व क्षेत्रवासियों द्वारा मनाया जायेगा। 17 अप्रैल को सुबह श्री रामजानकी मंदिर हरदीभाठा में विशेष पूजा अर्चना के बाद दोपहर विशाल शोभायात्रा निकाली जायेगी और शोभायात्रा में भगवान श्री राम की विशाल प्रतिमा रथ में सवार होकर पूरे हरदीभाठा मैनपुर का भ्रमण करेगी। इस शोभायात्रा में क्षेत्रभर के लोग शामिल होंगें। तो पूरे नगर को भगवा ध्वज से सजाया जा रहा है। मोहित द्विवेदी ने आगे बताया कि रामनवमी पर हरदीभाठा रामजानकी मंदिर से शोभायात्रा प्रारंभ होगी जो मैनपुर नगर दुर्गामंच से मुख्य मार्ग होते हुए दुर्गा मंदिर पहुचेगी और रामजानकी मंदिर में अनेक धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। वहीं रामनवमी को लेकर पूरे क्षेत्र में व्यापक स्तर पर तैयारी किया जा रहा है।

- श्री रामसेना व हिन्दू संगठन द्वारा नगर को भगवा ध्वज से सजाया गया

## खबर संक्षेप

### रामनवमी के अवसर पर आज शुष्क दिवस घोषित

**गरियाबंद।** कलेक्टर दीपक अग्रवाल द्वारा बुधवार 17 अप्रैल को रामनवमी के अवसर पर जिले में शुष्क दिवस घोषित किया गया है। उन्होंने 17 अप्रैल को जिले के सभी देशी, विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानें पूर्णतः बंद रखने के निर्देश दिये हैं। कलेक्टर ने जिले के किसी भी अधिकृत एवं अनाधिकृत स्थानों से मदिरा का अवैध निर्माण, आधिपत्य, परिवहन, क्रय-विक्रय, भाण्डारण एवं तस्करी पूर्ण नियंत्रण रखने एवं शिकायत प्राप्त होने पर सख्ती से रोक लगाने तथा जप्त करने की कार्यवाही हेतु आदेशित किया है।

### रामनवमी पर आज निकलेगी बाइक रैली



**रसेला।** ग्राम रसेला में आज 17 अप्रैल को रामनवमी के पावन अवसर पर हनुमान मंदिर से शाम पांच बजे सनातनी सेवा धर्म प्रेमियों द्वारा बाईक रैली निकाली जाएगी। जो गांव के हर चौक - चौराहे, गली- मोहल्ले में जय - जय श्री राम के नारे लगाते हुए रंगमंच समाज भवन पहुंचेगी। हनुमान मंदिर में सभी राम भक्तों की उपस्थिति में महाआरती होगी, और प्रसाद वितरण किया जायेगा। तत्पश्चात रात्रि 8 बजे से साधना सरगम मानस मंडली बैहराबुडा जिला गरियाबंद का मानस गान की प्रस्तुति दी जाएगी। इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक धर्म प्रेमियों की उपस्थिति की अपील की गई है।

# परसदा रेत घाट में हो रहे अवैध खनन एवं परिवहन को बंद करने की मांग

हरिभूमि.न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

गरियाबंद जिले के विकासखंड फिंगेश्वर के ग्राम परसदाजोशी में अवैध रेत का परिवहन किया जा रहा है। वहीं रेत परिवहन में लगे हाईवा आदि वाहनों से लोगों के जान का खतरा बना हुआ है। अवैध रेत खनन एवं परिवहन ग्राम बासीन के नागरिकों ने बासीन मार्ग से रेत परिवहन बंद करने शासन से गुहार लगाई है। और बंद नहीं करने पर ग्रामवासी आंदोलन करेंगे। 14 अप्रैल को दिन के उजाले में रेत से भरे दो तीन हाईवा ग्राम बासीन से निकल रही थी। जिसे ग्राम के नागरिकों, पंचो और सरपंच अन्नपूर्णा पटेल के द्वारा पकड़ा गया। और ड्राईवर से पूछताछ किया गया तो ड्राईवर ने रेत से भरी ट्रक का कोई कागजात नहीं होने की बात कबूला। इस प्रकार जानकारी में यह भी स्पष्ट हुई की अवैध रेत का परिवहन परसदा घाट से किया जा रहा। रेवाराम ओगरे ने बताया कि हम ग्रामवासी पुलिस एवं खनिज विभाग से निवेदन करते है कि इस मार्ग से रेत निकासी का कार्य बंद करें। दुर्घटनाओं के चलते हमारा विरोध करना जायज व जरूरी है। यदि शीघ्र ही इस समस्या का समाधान नहीं हुआ तो हम ग्रामवासियों के द्वारा आंदोलन करने को बाध्य होंगे।



## बाल विवाह सामाजिक बुराई ही नहीं अपितु कानूनन अपराध भी: कलेक्टर

**गरियाबंद।** कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने बाल विवाह की पूर्णतः रोकथाम के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि बाल विवाह एक सामाजिक बुराई ही नहीं अपितु कानूनन अपराध भी है। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अंतर्गत बाल विवाह करने वाले वर एवं वधु के माता-पिता, सगे संबंधी, बाराती यहां तक कि विवाह करने वाले पुरोहित पर भी कानूनी कार्यवाही की जा सकती है। इसके अतिरिक्त यदि वर या कन्या बाल विवाह पश्चात विवाह को स्वीकार नहीं करते हैं तो बालिग होने के पश्चात विवाह को शून्य घोषित करने के लिए आवेदन कर सकते हैं। बाल विवाह के कारण बच्चों में कुपोषण, शिशु मृत्यु दर एवं मातृ-मृत्यु दर के साथ घरेलू हिंसा में भी वृद्धि होती है बाल विवाह से बच्चों का सर्वांगीण विकास प्रभावित होता है एवं बाल विवाह बालकों के सर्वोत्तम हित में नहीं है। बाल विवाह के रोकथाम के लिए शासन एवं समाज की सहभागिता में व्याप्त इस बुराई के पूर्णतः उन्मूलन हेतु जिला प्रशासन द्वारा जिले के समस्त ▶▶|शेष पेज 11 पर

# महामाया मंदिर में हवन में आहूति डालने उमड़े श्रद्धालु



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

राजिम के सुप्रसिद्ध मां महामाया मंदिर में अष्टमी का हवन डालने श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा हुआ था। महाअष्टमी की पूजन वैदिक मंत्रोच्चार के साथ की गई। शाम तक हवन में सांखला डालने श्रद्धालुओं की भीड़ मंदिर में पहुंचती रही। देवी मां के भक्तों का तांता लगा रहा। श्रद्धालुओं ने हवन कुण्ड में सांखला डालकर पूर्णाहुति दी। अष्टमी के अवसर पर नगर के प्राचीन मां महामाया मंदिर सहित, शीतला, चंडी, काली, घटोरिया, खंडोबा, गायत्री, सत्ती पथर्रा के सतबहनिया माता, शीतला मंदिर तथा आमापारा स्थित मां ब्रम्हचारिणी दरबार में हवन पूजन किया गया। पंडित विजय शर्मा के वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मंदिर के पुजारी बलदाउ ठाकुर के अलावा हवन डालने मां महामाया प्रबंध समिति के अध्यक्ष लिलेश्वर यदु, फागु निषाद, सुनील तिवारी, रामनारायण मिश्रा, जीतू सोनी, फगवा निषाद, पवन सोनी, रामकुमार साहू, विजय महोबिया, नारायण धीवर, गोलु दाढ़े, राकेश गुप्ता, प्रकाश साहू, रमेश साहू, लक्की यादव, राजू साहू, बाल्मीकी धीवर, गोपाल निषाद, शत्रुघन पटेल, पुनारद निषाद, विक्की साहू, रामप्रसाद साहू सहित बड़ी संख्या में भक्तजन शामिल थे।

## भागवत कथा सुनने हजारों की सख्या में पहुंचे श्रद्धालु

# भागवत कथा के श्रवण मात्र से मनुष्य के पाप नष्ट हो जाते हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

मैनपुर विकासखण्ड के ग्राम तेतलखूंटी मे 09 अप्रैल से लगातार चल रहे श्रीमद भागवत कथा के आज 8वां दिवस मंगलवार को सुदामा चरित्र भागवत कथा, परिक्षित मोक्ष के बारे में विस्तार से आचार्य युवराज पांडेय ने बताया कि पिछले 8 दिनों से चल रहे इस श्रीमद भागवत कथा शामिल होने के लिए छत्तीसगढ़ सहित ओडिसा प्रदेश से भी हजारों कीं सख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे है। श्रद्धालुओं की अपार भीड भारी धुप और गर्मी के बीच पंडाल के बाहर भी लगा रहता है, आचार्य पंडित युवराज पांडेय के द्वारा भागवत कथा की वाचन शैली है उससे हर कोई प्रभावित नजर आता है। और जब तक भागवत कथा चलता रहता है, कोई भी श्रद्धालु पंडाल से उठने का नाम नहीं लेते। आज श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में आज बहुत ही मनोहक झांकी सजाई गई थी। जिसमें छत्तीसगढ़ लोक परम्परा अनुसार हल्दी रस्म सहित श्री कृष्ण जी एवं रूखमणी विवाह हुआ और मड़वा गीत के साथ सभी श्रद्धालु झूम उठे। आज के कथा में छत्तीसगढ़ प्रसिद्ध कथावाचक पं युवराज पांडेय भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं सहित कालिदहन, गोवर्धन पूजा, माखन लीला, ब्रह्मा का मोह सहित गोपी का मां कात्यायनी का आराधना करना श्री कृष्ण को प्राप्त करने हेतु। महाराज जी ने बताया कि महारास जीव का ब्रह्म से मिलना ही महारास है। आत्मा का परमात्मा का मिलन ही महारास है। आज रूखमणी हरण तथा विधिवत उनकी विवाह का वर्णन किया भगवान जीव के भाव के भुखे होते हैं, शुद्ध अंतःकरण से प्रभु को स्मरण करने से परमात्मा अवश्य दर्शन देते हैं। जिस प्रकार रूखमणी जी ने कान्हा को स्मरण किया और उनकी मनोकामना पूर्ण हुई।



### ओड़िया भजनों पर झूम उठे श्रद्धालु

आज के कथा में उड़िया भजन के द्वारा आचार्य जी के भजनों ने भक्तजनों को मंत्र मुग्ध कर दिया। आज की कथा में भक्तों जन सैलाब देखने को मिला। सभी श्रद्धालु ओड़िया भजनों पर झुम उठे। आचार्य पंडित युवराज पांडेय ने कहा कि श्रीमद भागवत कथा सुनने से पापी भी पाप मुक्त हो जाते है, कथा अमृतपान करने से सम्पूर्ण पापों का नास होता है, उन्होने कहा कि इस संसार में केवल भगवान ही हमारे है और कोई भी संसार में अपना नही है, इसलिए समस्त संसार से मोह को त्यागकर हमें भगवान के श्रीचरणो में अपने मन को लगाना चाहिएं। इस आयोजन के यजमान तपेश्वर ठाकुर एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती नंद कुमारी ठाकुर है यह धर्म यज्ञ समस्त ग्राम वासी तेतलखुंटी द्वारा आयोजित किया गया है जिसमें नित्य भक्तों के लिए भंडारा का भी व्यवस्था किया गया है।

## पाठक सूचना

गरियाबंद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9993223300, 8370049468

**खबर संक्षेप**

## गांजा परिवहन के मामले में 5 वर्ष की सजा, 50 हजार का अर्थदंड

**महासमुंद।** एनडीपीएस के मामले में आरोप दोष सिद्ध होने पर विशेष न्यायाधीश संघपुष्पा भतपहरी ने नयापारा नर्सरी महासमुंद के पास रहने वाले बैसाखू यादव पिता स्व. बुधारू यादव एवं गुरुचरण विश्वकर्मा पिता काशीराम विश्वकर्मा को 5-5 साल की सजा सुनाई और 50-55 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड की राशि नहीं पटाने पर 6-6 माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। अभियोजन के अनुसार महासमुंद थाना क्षेत्र के अंतर्गत 1 सितंबर 2023 को एनएच 53 पर स्थित बिरकोनी के बरबसपुर चौक पर दोनों आरोपियों को पुलिस ने अवैध रूप से गांजा परिवहन करते हुए पकड़ा था। इनके संयुक्त कब्जे से पुलिस ने कुल 5 किलो 150 ग्राम गांजा जब्त किया था। विवेचना उपरांत मामला कोर्ट को सौंपा था। अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक जितेंद्र कुमार साहू ने पैरवी की।

## 8 किलो गांजा जब्त

**महासमुंद।** कोमाखान पुलिस ने टेमरी नाका के पास एक व्यक्ति के कब्जे से 8 किलो गांजा जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी जीवन ठाकुर पिता रघुनाथ सिंह ठाकुर (28) निवासी धमनी, जिला जबलपुर मप्र 8 किलो गांजा कीमत 160000 रुपए की बिक्री करने पैदल जा रहा था, पूछताछ के बाद उसके पास से गांजा के साथ एक मोबाइल, नगद 500 रुपए जब्त किया गया। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 20 बी नारकोटिक एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

## नवजात शिशु व बच्चों का निःशुल्क सर्जरी कैंप कल

**बसना।** अग्रवाल नर्सिंग होम अंचल में 18 अप्रैल को सुबह 10 बजे से नवजात शिशु एवं बच्चों का निःशुल्क सर्जरी कैंप का आयोजन किया गया है। इसमें डॉ रितेश रंजन (एमबीबीएस, एमसीएच) नवजात शिशु एवम बच्चों के सर्जन अपनी सेवाएं देंगे। शिविर में नवजात शिशु एवं बच्चों से संबंधित जैसे सिर का बड़ा होना, हाथ पैर की उंगलियों का जुड़ा होना, तालु व होंठ का फटा होना, जीभ की सुतली, शरीर में गठान, अंडकोष में सूजन, अंडकोष एवम जांघ के आसपास में सूजन, हर्निया, अनडेसेंडेट टेस्टिस, गोटी का ऊपर होना, जन्मजात मलद्वार एवं पेशाब रास्ते के विकार, खतना, अपेंडिक्स, पेट में सूजन ट्यूमर,गले या पीठ में गठान का आपरेशन किया जाएगा। आयुष्मान कार्ड एवं बीजू कार्ड द्वारा निःशुल्क ऑपरेशन की सुविधा है। इसमें मरीज एवम परिजन का रुकना, खाना, दवाइयां, जांच ऑपरेशन पूरी तरह कैशलैस निःशुल्क रहेगा।

## हार से खिलाड़ियों को निराश नहीं होना चाहिएः राशि



**महासमुंद।** मंगलवार को नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती राशि त्रिभुवन महिलांग बतौर मुख्यातिथि ग्राम बम्हनी में आयोजित बम्हनी प्रीमियर लीग 2024 के फाइनल मैच में शामिल हुईं। फाइनल मैच बम्हनी और ग्राम कौवाझर टीम के बीच खेला गया। बम्हनी टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए विपक्षी टीम कौवाझर को 86 रन लक्ष्य दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी विपक्षी कौवाझर की टीम 55 रन ही बना पाई और बम्हनी की टीम विजयी रही। मुख्यातिथि की आसंदी से खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए नपाध्यक्ष श्रीमती महिलांग ने कहा कि खेल में हार और जीत दोनों खेल के अहम पहलू है। एक टीम को जहां जीत मिलती है तो वहीं दूसरी टीम को हार का सामना करना पड़ता है। हार से टीम और खिलाड़ियों को कभी भी निराश नहीं होना चाहिए। बल्कि हार से सीख लेकर खेल के दौरान हुई गलतियों को अगली बार के खेल में सुधार करना चाहिए ताकि अगली बार वे जीत सके। उन्होंने विजयी टीम के खिलाड़ियों को बधाई दी। इससे पूर्व बम्हनी टीम के कप्तान भगवती सोनवानी, उपकप्तान पोखन सोनवानी ने उनका स्वागत किया। फाइनल मैच को देखने के लिए बम्हनी के अलावा आसपास के गांव के युवा और ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# भेण्डरी में कलशयात्रा के साथ रामनवमी पर्व का शुभारंभ

**राजिम।** श्रीरामनवमी के अवसर पर राजिम शहर में इस बार बड़ा कार्यक्रम चुनावी आचार संहिता को देखते हुए नही किया जा रहा हैं। ये कार्यक्रम 10 दिनों बाद अर्थात 26 अप्रैल को मतदान के बाद 27 अप्रेल को होगा। यह जानकारी बजरंग दल के महेश यादव ने दिया। ठीक इसी तरह नवापारा शहर में सोनकर समाज द्वारा जोर-शोर से बहुत ही उमंग उत्साह के साथ मनाया जाने वाला श्रीरामनवमी पर्व इस बार 20 अप्रैल को मनाया जाएगा। यह जानकारी देते हुए सोनकर समाज के पदाधिकारी राकेश सोनकर ने बताया कि समाज के कई घरो में नवरात्रि पर्व को देखते हुए जंवारा बोया गया हैं इसलिए इसे चार दिन बाद किया जाएगा। परंतु शहर से लगे भेण्डरी गांव में श्रीरामनवमी एक दिन पहले ही कलश यात्रा के साथ पर्व का शुभारंभ किया गया। क्योंकि यहां नया श्रीराम मंदिर तैयार हुआ है जहां भगवान श्रीराम,माता सीता एवं लक्ष्मण जी की प्राण प्रतिष्ठा श्रीरामनवमी पर्व के उपलक्ष्य में आज की जाएगी।

- राजिम में 27 को मनाया जाएगा श्रीरामनवमी





## लोकसभा चुनाव 2024 : सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मतदाता जागरुकता अभियान

# कर्मचारियों ने मानव श्रृंखला बनाकर शत-प्रतिशत मतदान का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फिंगेश्वर प्रांगण में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर व्हीके हिरौंदिया के मार्गदर्शन में आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु मतदाता जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। इस अभियान में विकासखंड के स्वास्थ्य विभाग के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी मितानिनों ने मानव श्रृंखला बनाकर गीत नारों के माध्यम से रैली निकालकर शत प्रतिशत सभी को निष्पक्ष मतदान करने हेतु जागरूकता का संदेश दिया गया। रैली में''बनो देश के भाग्य विधाता अब जागो प्यारे मतदाता आओ चुने अपनी सरकार करे मतदान फिर इस बार का नारे लगाकर मतदाताओं को जागरूक करने का प्रयास किया गया। इसके साथ ही मितानिन कामड़ी, आरएचओ तोरण साहू के द्वारा गीत के माध्यम से मतदाताओं को जागरूकता का संदेश दिया गया। इस अवसर पर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर देवेंद्र भारती, विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक सौरभ विरमानी, खंड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी योगेश पराना, पर्यवेक्षक एलआर वर्मा, आशा पोद्दार के साथ ही सभी पर्यवेक्षक, समस्त ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक एवं अन्यअधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।





## छात्रों ने मतदान करने लोगों को किया प्रेरित

**छुरा।** निजी कचना धुरुवा महाविद्यालय में प्रशासन द्वारा मतदान में युवाओं की भूमिका प्रखर करने हेतू चलाये जा रहे अभियान के तहत सेल्फी कार्यक्रम आयोजित किया गया। महाविद्यालय में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी रेख राम कुर्रे के मार्ग दर्शन में महाविद्यालय की लगभग 200 छात्र-छात्राओं ने अपने मतदाता परिचय पत्र व आधार कार्ड के साथ सेल्फी लिया और लोकतंत्र के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की। यह अभियान छात्र-छात्राओं को निकट लोकसभा आम चुनाव मे प्रतिशत मतदान हेतु स्वयं प्रेरित होने व अपने परिवेश में समाज के लोगों को मतदान कर बहुमूल्य योगदान के लिए किया गया। महाविद्यालय के स्वीप प्रभारी टीके निर्मलकर ने सेल्फी अभियान के विषय मे जानकारी देते हुए कहा कि जिला प्रशासन द्वारा मतदान में युवाओं की भूमिका प्रखर करने हेतु इस अभियान की घोषणा की गयी। यह राष्ट्र ऊर्जावान युवाओं का देश है, युवाओं के लिए कोई भी कार्य करना असंभव नहीं है। मतदान जैसे सबसे प्रमुख क्षेत्र में युवाओं कि सक्रियता देश को नवनिर्माण की ओर




प्रेरित करेगी। उन्होंने महाविद्यालय में अध्ययनरत समस्त विद्यार्थियों से मतदान करने एवं अन्य लोगों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करने का संदेश दिया। इस दौरान महाविद्यालय के सभी स्टाप उपस्थित रहे।

## वेटलिफ्टिंग संघ के अध्यक्ष ने मतदान करने की अपील की






हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

आगामी लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान करने हेतु मतदाता जागरूकता के तहत जनपद पंचायत के सीईओ आर के ध्रुव ने नगर पंचायत के जिम में पहुंचकर वेटलिफ्टिंग संघ के अध्यक्ष एवं खिलाड़ियों से मुलाकात कर अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की, वेटलिफ्टिंग संघ के राष्ट्रीय खिलाड़ी कुमकुम धुव ने सभी युवाओं एवं अपने परिवार के लोगों से अधिक संख्या में मतदान करने की अपील की, वेटलिफ्टिंग संघ के जिला अध्यक्ष यशवंत यादव ने कहा कि भारत युवाओं का देश है और यहां के युवा भाग्य विधाता है, उन्होंने सभी खिलाड़ियों एवं अन्य युवाओं से अपील की है कि बढ़ चढ़कर मतदान में भाग ले और अपने आसपास के लोगों को भी मतदान करने हेतु प्रेरित करें, वेटलिफ्टिंग के खिलाड़ी संध्या साहू, एवं लच्छवन्ति कोसले एवं संघ के सहसचिव शीतल धुव ने भी सभी खेल संघ के साथ-साथ सभी खिलाड़ियों से अपील की है कि चुनाव में खुद मतदान करें और दूसरों को भी मतदान करने हेतु प्रेरित करें।

## टेक्नोलॉजी से दिव्यांग बच्चों का पढ़ना लिखना हुआ और आसान



**राजिम।** दिव्यांग आवासीय विद्यालय के तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में विशेष प्रशिक्षक के रुप में मौजूद अरविंद शर्मा ने सबसे पहले एनरोइड टैबलेट, मल्टीमीडिया, वायरलेस, की-बोर्ड की जानकारी दृष्टि बाधित छात्र-छात्राओं को दी। बताया कि इसमें कैसे और क्या-क्या फंक्शन है, जिसे करना पड़ता है। एनोराइड टैबलेट में की-बोर्ड की सहायता से डिवाइस को चलाना सिखाया गया। की-बोर्ड द्वारा शार्टकट डिवाइस ओपन एवं ऑफ करना, लिखना सिखाया गया। दृष्टि बाधित छात्रों को प्रेरक संस्था प्रमुख रामगुलाल सिन्हा द्वारा सफेद छड़ी



दिया गया यह छड़ी नई सुविधाओं से युक्त है। जिसमें अलग-अलग टिप्स के साथ रिपेयर कीट भी है। इस अवसर पर प्रधान पाठिका उमेश्वरी साहू, शिक्षक टिकेश्वर सेन, अनिल मानिकपुरी का विशेष सहयोग रहा।

## आधी रात ढाबा में जमकर चले हथियार दोनों पक्षों से घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ढाबा में खाना खाने पहुंचे परिवार और ढाबा संचालक और उनके कर्मचारियों के बीच सोमवार मंगलवार की दरम्यानी रात जमकर संघर्ष हुआ। दोनों ओर से जमकर हथियार चले जिसमें दोनों पक्षों में कई लोग घायल हुए और कईयों को गंभीर अवस्था में रायपुर तक रिफर करना पड़ा।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने कई घायलों को अस्पताल पहुंचाया वहीं बाद में दोनों पक्षों द्वारा लिखाई गई रिपोर्ट पर पुलिस ने काउंटर केस दर्ज किया है।

शहर के समीपस्थ ग्राम बिरकोनी स्थित केसरिया ढाबा में हुई उक्त घटना के संदर्भ में ढाबा संचालक रणधीर खनूजा ने पुलिस को बताया कि 16 अप्रैल की देर रात 1.00 बजे ढाबा बंद होने के बाद स्टाफ के लोग परिसर में ही आपस में क्रिकेट खेल रहे थे। रात करीब 1.30 बजे उनका स्टाफ धर्मेंद्र यादव अचानक रूम का दरवाजा जोर-जोर से खटखटाने लगा। और बताया कि ढाबा स्टाफ पार्किंग में क्रिकेट खेल रहे स्टाफ से कुछ लोग चार पहिया गाडियों में आकर बोले कि खाना खिलाओ। जब हमने कहा कि ढाबा बंद हो गया है और खाना नहीं बन पाएगा तो मारपीट करने लगे। संचालक



ने बताया कि जब पार्किंग में पहुंचा तो धीरज सरफराज, साहिल सरफराज और उनके अन्य 10-15 साथी मेरे स्टाफ गालियां देते हुए आज तुम लोगों को जान से मार देंगे कहते हुए क्रिकेट के बैट, लोहे की राड, धारदार हथियार व डंडे से मारपीट कर रहे थे। जब मैने धीरज सरफराज को बीच-बचाव कर झगड़ा नहीं करने की समझाइश दी तो वह मुझे ही गालियां देते हुए मारपीट करने लगा। ढाबा संचालक की रिपोर्ट पर पुलिस ने धीरज सरफराज, साहिल सरफराज एवं अन्य 10-15 साथी के खिलाफ धारा 147, 148, 294, 323, 307 और 506 (बी) के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### दूसरे पक्ष ने भी दर्ज कराई ढाबा संचालक और कर्मियों के खिलाफ रिपोर्ट

वहीं दूसरे पक्ष के धीरज सरफराज पिता फूलचंद साहू ने दर्ज कराई गई रिपोर्ट में कहा है कि वह रात लगभग 1.00 बजे अपने परिवार व बच्चों के दोस्तों के साथ केसरिया ढाबा में खाना खाने गया। जहां पर पार्किंग में पूर्व की भांति मेरे परिवार के बच्चे व उनके दोस्त लोग मनोरंजन के लिए क्रिकेट खेल रहे थे, उसी बीच लगभग 1.30 बजे ढाबा के कर्मचारी वहां पर आकर क्रिकेट खेल रहे बच्चों से बोले कि हमारे साथ 20-20 हजार रुपए का दांव लगाकर मैच खेलो नहीं तो यहां खेलने नहीं देंगे। मेरे द्वारा जब कहा गया कि अभद्रता क्यों कर रहे हैं, तब वे हाथ मुक्का से मारपीट करने लगे। इसी दौरान ढाबा का संचालक रणधीर सिंह भी अन्य कर्मचरियों के साथ दौड़ते हुए आकर गालियां देते हुए मुझसे हाथ मुक्का से मारपीट करने लगा। इसी दौरान ढाबे के अंदर से उसके अन्य कर्मचारी तलवार, राड व डंडा लेकर आए और हम लोगों पर हमला कर दिया। जिस पर हम लोग इधर-उधर भागने लगे। पुलिस ने दूसरे पक्ष की शिकायत पर होटल संचालक रणधीर सिंह खनूजा, हरमीत सिंह खनूजा और उनके अन्य साथियों पर धारा 294, 323, 506, 326 और धारा 34 के तहत अपराध दर्ज किया है।

## ग्रामीणों ने फिंगेश्वर थाना एवं तहसील में दिया आवेदन

# बोरसी में खुली राइस मिल को बंद नहीं किया गया तो ग्रामवासी करेंगे चुनाव का बहिष्कार

हरिभूमि.न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

ग्राम पंचायत बोरसी के नागरिकों ने ग्राम मे बिना ग्राम वासियों के सहमति से खुले राईस मिल को बंद नहीं किये जाने पर शासन से नाराजगी व्यक्त करते हुए लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करने का अल्टी मेटम फिंगे"वर थाना एवं तहसील मे दिया है।

राइस मिल को लेकर ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम मे खुले राइस मिल को बंद कराने के लिए ग्राम पंचायत स्तर से लेकर ग्रामीणों के द्वारा शासन प्रशासन को अवगत कराया गया था इसके बाउजूद शासन के द्वारा इस मामले मे किसी प्रकार की सुनवाई नहीं करने पर ग्रामीणों मे शासन के प्रति नाराजगी व्याप्त है।इसी नाराजगी को लेकर ग्राम बोरसी के नागरिकों ने



लोकसभा का चुनाव का बहिष्कार कर रहे हैं। शासन के द्वारा पंचायती राज व्यवस्था के तहत लोगों की समस्याओं का निराकरण किया जाता है लेकिन राइसमिल को नहीं खोले जाने की गांव वालों की मांग पर शासन सुनवाई नहीं कर रहा है।

ऐसे स्थिति में हम सभी लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करते हैं। लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करने वालों में ग्राम बोरसी के हूमन साहू, हेमुराम, गोपेन्द्र साहू, कन्नैयया साहू पीके साहू, दाउ लाल, सुरेन्द्र सोनी, कृष्ण कुमार साहू, यशवंत साहू, जोहन साहू, टीका राम, भागवत राम तेली, लीला राम, अश्वनी, गुपेश, लवलेश, युवराज, केजू राम, कैलास निशाद सहित बड़ी संख्या मे ग्रामीण शामिल है।

## स्केच आर्टिस्ट सूरज को मिला सम्मान





**गरियाबंद।** छापाक टीम वर्क के साथ बनाई विश्व की सबसे बड़ी श्री राम जी की रंगोली। अयोध्या में हुए प्रभु श्री राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के रूप में रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में छपाक आर्ट शाला की टीम के साथ मिलकर लगभग 6 टन धान और कुछ चावल की सहायता से लगभग बीस हजार वर्ग फीट में प्रभु श्री रामचंद्र जी की प्रतिमा रंगोली के रूप में बनाई गई थी जिसे बनाने में 3 दिवस का समय लगा, यह धान से निर्मित विश्व की सबसे बड़ी रंगोली रही जिसके लिए इंद्रकला और संगीत विश्वविद्यालय के कुलपति पद्मश्री से सम्मानित ममता चंद्राकर के द्वारा रायपुर में सम्मानित किया गया और सर्टिफिकेट वितरण किया गया। इस उपलक्ष्य में आर्टिस्ट सूरज सिन्हा ने कहा की यह सम्मान प्रभु श्रीराम जी को समर्पित है। हमारे छत्तीसगढ़ से प्रभु श्री राम जी का खास नाता रहा है यह उनका ननिहाल है। 500 वर्षों की तपस्या पूर्ण होने उपलक्ष में यह रंगोली बनाई गई।

## खबर संक्षेप

### हरिहर शाला में प्रवेश की अंतिम तिथि 5 मई तक

**नवापारा-राजिम।** हरिहर शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में सत्र 2024-25 के लिए 5 मई अंतिम दिवस निर्धारित है। प्रवेश 10 अप्रेल से शुरू हो चुका है यह जानकारी देते हुए प्राचार्य संध्या शर्मा ने बताया कि विद्यालय में पहली से बारहवीं तक प्रत्येक कक्षा में 50 सीट निर्धारित है. जिसमें 50 प्रतिशत सीट छात्राओं के लिए आरक्षित है। वहीं महतारी दुलार योजना अंतर्गत कोरोना महामारी के कारण अनाथ हुए बच्चों को विशेष प्राथमिकता से प्रवेश दिया जावेगा। चयन लाटरी सिस्टम से किया जायेगा। कक्षा पहली में प्रवेश हेतु विद्यार्थी की आयु 31 मई 2024 की स्थिति में 5 वर्ष 6 माह से 6 वर्ष 6 माह के बीच होना निर्धारित किया गया है। हिन्दी माध्यम में केवल कक्षा नवमीं में प्रवेश के लिए आनलाईन या आफलाईन आवेदन ले रहे है। बताया कि कोई भी विद्यार्थी केवल एक ही विद्यालय के लिए आवेदन कर सकेगा. कुल प्राप्त आवेदनों में से 10 मई को लाटरी सिस्टम से प्रवेश हेतु चयन किया जायेगा। वहीं चयनित विद्यार्थियों को 11 से 15 मई के बीच आवश्यक दस्तावेज सत्यापन हेतु प्रस्तुत करना होगा।

### निर्माणाधीन मकान से 20 बंडल तार की चोरी



**महासमुंद।** बागबाहरा क्षेत्र के ग्राम भुरकोनी मे निर्माणाधीन मकान में रखे तार की चोरी का मामला सामने आया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रार्थी पेलेस कुमार साहू पिता सालिकराम साहू (34) रिपोर्ट लिखाते हुए बताया कि किसी अज्ञात चोर ने उनके निर्माणाधीन मकान से 20 बंडल बंडल वी-गार्ड कंपनी का वायरिंग तार कीमत 70 हजार रुपए की चोरी कर ली। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत अपराध दर्ज किया है।

# समाज के सभी वर्गों को संगठित कर समाज को आगे बढ़ना होगा : कुंवर

**छुईहा बेलर।** अंठावन पाली निषाद समाज वार्षिक अधिवेशन एवं गुहा जयंती शनिवार को मनाया गया। निषाद समाज जिला उपाध्यक्ष मोती राम निषाद ग्राम बिजली ने कहा 13 अप्रैल को नवरात्र पर्व के पंचमी के पावन अवसर पर श्रीराम मंदिर मजरकटा के विशाल प्रांगण पर अंठावन पाली निषाद समाज वार्षिक अधिवेशन एवं गुहा जयंती समाजिक रीति-रिवाजों के साथ बड़े ही हर्षोल्लास पूर्वक सम्पन्न किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष निषाद समाज एवं विधायक गुंडरदेही विधानसभा क्षेत्रकुंवर सिंह निषाद, अध्यक्षता जिला अध्यक्ष निषाद समाज गरियाबंद भूनेश्वर निषाद, विशिष्ट अतिथि जिला उपाध्यक्ष निषाद समाज मोती राम निषाद, शिव लाल निषाद, पूर्व जिलाध्यक्ष निषाद समाज दान सिंग निषाद, बलराम निषाद थे। मोती राम ने आगे कहा कार्यक्रम का शुभारंभ भक्त गुहा निषाद राज एवं भगवान श्री राम जानकी की विशेष पूजा अर्चना के साथ हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि के आसंदी से कुंवर सिंह निषाद ने कहा समाज को आगे बढ़ाने के लिए सबसे पहला काम समाज को मजबूती प्रदान करना इसके लिए हम सभी को सामने आकर एक साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करना होगा। अर्थात पहला काम हमारे समाज के सभी वर्गों को संगठित करते हुए समाज के मुख्य धारा में शामिल कर समाज को आगे बढ़ना। है।समाज में फैली कुरूतियों को दुर कर समावेशी भाव लाना होगा। युवा वर्ग को समाज के मुख्य धारा से जोडना एवं उन्हें समाज के प्रति जागरूक करना तभी हम एक श्रेष्ठ समाज की परिकल्पना को साकार रूप दे सकते हैं। जिला अध्यक्ष निषाद समाज भुवनेश्वर निषाद ने कहा समाज आगे तभी बढ़ेगा जब एक दुसरे का सहयोग की भावना से कार्य करें।

**अंठावन पाली निषाद समाज ने वार्षिक अधिवेशन एवं गुहा जयंती मनाई**



### युवा पीढ़ी को समाज से जोड़ने का कार्य करें

समाज को एक नई दिशा की ओर ले जाने के लिए नशा मुक्त समाज को ध्यान में रखकर कार्य करना होगा। समाज में पढ़े -लिखे नवजवान युवा पीढ़ी को समाज से जोड़ना जो भी कार्य करें। समाज हित में सोचकर कार्य करें। इस अवसर संकालू राम निषाद, सालिक राम निषाद, बलराम निषाद, तेजराम निषाद, सेवा राम निषाद, रामरतन, नरेश निषाद, छेरकु राम निषाद, केजऊ राम निषाद, पीतांबर निषाद, धनसाय निषाद, भागीरथी निषाद, सुरेश, विनोद निषाद, ढेलु राम निषाद, डॉ. कामता मणि निषाद, रोशनी निषाद, ममता निषाद, बुधंतिन निषाद, लता सुशीला निषाद व निषाद समाज से जुड़े महिला एवं पुरूषों की उपस्थिति परमुख रूप से रही।

## पर्व : अष्टमी पर हवन-पूजन कर नौ कन्याओं को कराया गया भोज

# रमईपाठ के जंगलों में वनवास काल के दौरान श्रीराम, लक्ष्मण और सीता ने किया था विचरण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मुड़ागांव(कोरासी)

मुड़ागांव अंचल के ग्राम सोरिद खुर्द में स्थित रमईपाठ देवी स्थल जो फिंगेश्वर छुरा के मुख्य मार्ग पर ग्राम सोरिद खुर्द से 1 किलो मीटर की दूरी पर घने जंगलों व पहाड़ों से घिरा हुआ है। जहां माता रमईपाठ पहाड़ोंवाली माता के नाम से जाना जाता है। माता रमई पाठ में हर वर्ष चैत्र नवरात्रि पर्व पर मनोकामना आस्था के जोत जलाते आ रहें हैं। इस वर्ष भी माता रमई पाठ देवी मंदिर में आस्था के 1032 ज्योत कलश स्थापित किया गया था। माता रमई पाठ गरियाबंद जिला के राजिम शहर से 30 किलो मीटर की दूरी पर स्थित है। यह रमईपाठ ऐतिहासिक पर्यटन स्थल हैं। जहां बुजुर्गों के द्वारा बताया गया है कि प्राचीन समय में वनवास काल के दौरान भगवान राम लक्ष्मण और सीता इस घने जंगलों में विचरण किया गया था।

जिसके कारण इस जगह का नाम रमईपाठ पड़ा। जहां भगवान श्रीराम, लक्ष्मण और सीता ने इसी जगह पर भगवान शिव जी के शिवलिंग का पुजा अर्चना किया है जो आज तक शिवलिंग, रामसेतु पत्थर, 8वीं शताब्दी की प्राचीन मूर्तियां यहां पर विराजमान है। यहां पर आकर्षक साक्षात आम का वृक्ष है। जहां आम वृक्ष के जड़ से आठोकाल बारहों माह दूध की तरह अविरल जलधारा बहती रहती है। यह जलधारा कहां से निकल कर आ रही है, इसका अभी तक किसी को जानकारी नहीं मिल पाई और यह जलधारा कुछ दूरी पर विलुप्त हो जाती है इसी जलधारा से यहां भोजन भंडारा प्रसादी सभु में उपयोग किया जाता है। यह जलधारा का विषेश महत्त्व है बताया जाता है कि गर्भवती महिला को प्रसव के पूर्व वहां के जल को पिलाने से नार्लम प्रसव होता है और बोर खनन से पहले वहां की जल को बोर खनने वाले जगह पर छिड़क देने से बोर में लबालब पानी निकलता है।







### दीन-दुखियों की जल्द पूरी होती है मनोकामना

यहां सेमहर के वृक्ष है जिसमें आज भी मां दुर्गा शेर पर सवार होकर व श्री गणेश जी की आकृति अपने आप कैसे हुई है, अभी तक किसी को पता नहीं है जो साक्षात दर्शन दे रहे हैं। यहां मान्यता है कि जिस किसी को संन्तान नहीं है। वहां संन्तान के लिए मन्नत मांगते हैं उसको एक वर्ष में संन्तान प्राप्त हो जाता है और संन्तान के मन्नतें के लिए लोहे के साकड़ चढ़ाया जाता है। यहां पर जो भी दिन दुखिया मनोकामना लेकर आते हैं उसका मनोकामना बहुत जल्द पुरा हो जाता है।

और माता रमई पाठ की मान्यता है कि जो माता रमई पाठ में आकर मनोकामना मन्नतें मांगते हैं उसकी मन्नतें पुरी होती हैं। जहां पुरे नौ दिनों तक माता के ज्योति कलश स्थापित कर माता के सेवा की और आज 16 अप्रैल दिन मंगलवार को अष्टमी हवन- पुजन पुर्णाहुति कर नौ कन्या भोग कराया गया और हजारों के संख्या में शामिल हुए। भक्तों को भी भोजन प्रसादी कराया गया और चैत्र मास में 23 अप्रैल दिन मंगलवार को विशाल मेला का आयोजन होता है जहां लाखों के संख्या में भक्त श्रद्धालु पहुंचेंगे।

### श्रीराम प्रकटोत्सव पर मानस मंदिर में आज होगा आयोजन

**छुरा।** नगर के श्री राम जानकी मानस मंदिर में प्रति वर्ष की भांति इस बार भी रामनवमी पर्व 17 अप्रैल को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। मंदिरों को लाइटों झालरों से सजाया गया है। प्रातः 9:00 से भगवान श्री राम जी की सीता जी की एवं लक्ष्मी जी का पूजा अभिषेक के साथ भजन कीर्तन से कार्यक्रम प्रारंभ होगा। शिक्षक मानस परिवार द्वारा भजन कीर्तन किया जाएगा। साथ ही साथ म्यूजिक ग्रुप के द्वारा प्रस्तुति होगी। महिला मानस मंदिर द्वारा महोत्सव में सहयोगी के रूप में उपस्थित रहेंगे। श्री मनमानस प्रचार यज्ञ समिति द्वारा मंदिर पुजारी यज्ञेश पांडे के मार्गदर्शन में मध्यान्ह 12:00 बजे से प्रकटोत्सव मनाया जाएगा। प्रसाद आरती एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा। संध्या नगर में श्री राम दरबार झांकी के साथ शोभायात्रा निकाली जाएगी।



# बादल छटते ही सूरज ने दिखाए तेवर, तापमान 36 डिग्री पहुंचा



हरिभूमि न्यूज ▸▸ रसेला

जैसे बादल छंटे वैसी सूरज की तपन बढ़ने लगे। तापमान 36 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। दिन के तापमान में हर दिन थोड़ी बहुत बढोतरी हो रही है। मंगलवार को अधिकतम तापमान 36 और न्यूनतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया है। मौसम विभाग के मुताबिक द्रोणिका के असर से बंगाल की खाड़ी से नम हवा आ रही थी जिसके चलते जिला मुख्यालय सहित वनांचल क्षेत्रों में कुछ दिनों तक मौसम का मिजाज बिगड़ा हुआ था, जो अब धीरे धीरे हटने लगा है। जैसे जैसे बदली साफ़ होगी तापमान में तेजी से बढ़ोतरी होगी। अभी पारा सामान्य के आसपास है। दोपहर होने के बाद तेज धूप एक बार फिर परेशानी का कारण बनने लगी है। क्षेत्र में अब पश्चिमी हवा का प्रभाव बढ़ रहा है, जिसकी वजह से मौसम में शुष्कता बढ़ रही है। इसके प्रभाव से दिन का तापमान रोज एक डिग्री तक बढ़ रहा है, और इसमें अभी लगातार बढ़ोतरी होने की संभावना बन रही है। सोमवार को तेज गर्मी ने दोपहर लोगों को काफी परेशान किया। जिसकी वजह से लोगों को चेहरे में स्कार्फ बांधना पड़ गया। मौसम विभाग के अनुसार बादल छंटने की वजह से आने वाले पूरा सप्ताह अधिकतम पारा 41 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। डाक्टरों ने सावधानी बरतने सलाह दी। गर्मी की दस्तक के साथ मटको की बिक्री भी बढ़ने लगी है।

## दो घरों में छापा, अवैध शराब बरामद

**महासमुंद।** पुलिस ने दो घरों में छापामार कर अवैध महुआ शराब बरामद किया है। बसना पुलिस ने ग्राम कुदारीदादर से पंचराम सिदार पिता स्व. दुलार सिंग सिदार (45) के कब्जे से 15 हजार एमएल महुआ शराब कीमत 3000 रुपए जब्त किया है। वहीं पटेवा पुलिस ने ग्राम रामाडबरी से मनमोहन भारती पिता राजकुमार भारती (36) के पास से 20 हजार एमएल महुआ शराब कीमत 6 हजार रुपए को घर के आंगन से बरामद कर जब्त किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

# कांग्रेस की सरकार बनने पर महिला व युवा सहित सभी का होगा भला : ध्रुव

**मैनपुर।** लोकसभा चुनाव को लेकर भीशण गर्मी में ब्लॉक कांग्रेस मैनपुर अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव के नेतृत्व में कांग्रेस के वरिष्ठ कार्यकर्ता इन दिनों गांव -गांव और दुरस्थ वनांचलों में मोटर सायकल के माध्यम से पहुंचकर बैठक लेकर ग्रामीणों को कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने की अपील कर रहे है।

आज मंगलवार को मैनपुर क्षेत्र के दुरस्थ वनांचल गोबरा, ठेमली, पथर्री, बोईरगांव में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव एवं महामंत्री गेंदु यादव पहुंचकर ग्रामीणों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर नुक्कड सभा का आयोजन किया। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मैनपुर रामकृष्ण ध्रुव ने कहा कि कांग्रेस की सरकार बनने पर महिला, युवा, किसान, मजदूर सभी के भलाई के लिए कार्य होगा। कांग्रेस हर महिला को 8333 रूपये महीना देगी। कांग्रेस ने महिलाओं के लिए महालक्ष्मी योजना लागू करने का वायदा किया है। जिससे हर महिला को एक लाख रूपये हर साल देने की गारंटी है। इस मौक पर प्रमुख रूप से ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, महामंत्री गेंदु यादव, गोबरा के सरपंच रामस्वरूप मरकाम, रामलाल सोरी, अघनु मरकाम, देवसाय, संजय ध्रुव, रमेश कुमार, बृजलाल, संतलाल, लक्ष्मीनाथ, मोहन लाल, रेखाराज, अजय कुमार, डोमार साहू, निर्मल कुमार, कोमल एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।



**फिंगेश्वर मंडल के जामगांव एवं लचकेरा शक्ति केंद्रों में भाजपा की हुई बैठक**

# लोकसभा चुनाव में पूरी तन्मयता के साथ कार्यकर्ता काम करें : यादव

हरिभूमि.न्यूज ▸▸ फिंगेश्वर

भारतीय जनता पार्टी मंडल फिंगेश्वर के जामगांव एवं लचकेरा शक्ति केंद्र का संयुक्त बैठक आयोजित किया गया। जिसमें दोनों शक्ति केंद्र के नौ मतदान केंद्रों के कार्यकर्ता शामिल हुए। सभी कार्यकर्ताओ को बूथ से लीड दिलाने का चुनाव संचालक जगदीश यादव ने निर्देश दिए।

बैठक में उपस्थित दोनों शक्ति केंद्र के चुनाव संचालक फिंगेश्वर नगर पंचायत के अध्यक्ष जगदीश यादव द्वारा 2024 के लोकसभा चुनाव में पूरी तन्मयता के साथ कार्यकर्ताओं को काम में शामिल होकर काम करने के लिए कहा गया। तथा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा 400 पार के दिये गये नारों को सफल बनाने महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत जामगांव और लचकेरा के 9 मतदान केंद्रों में कार्यकर्ताओं को एक्टिव रहने के लिए कहा गया। वहीं पर प्रत्येक मतदान केंद्र में 370 बढ़त बनाने की अपील कार्यकर्ताओ से किया गया। बैठक में सभी कार्यकर्ताओं ने अबकी की बार 400 पार के बुलंद नारे लगाये। कार्यक्रम में विशेष रूप से फिंगेश्वर मंडल के महामंत्री मिजून साहू, मंडल के उपाध्यक्ष एवं सरपंच अरुण सिंन्हा, शंभू साहू, मेवा लाल तारक, लाला राम साहू, कोमल ढीढी, सुखी राम दीवान, राम कृष्ण साहू, उमराव सिन्हा, अंतराम साहू, शिवराम सिंहा, रामकिसुन साहू, संतु राम दीवान, इतवारी राम यादव सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।



पेज 9 के शेष

### जिले के 50 से अधिक वरिष्ठ...

वोटिंग की जो सुविधा दी है, वह वास्तव में बहुत ही आरामदायक एवं सुविधाजनक है। उन्होंने आयोग के इस नवाचार की सराहना की।

**जिला प्रशासन व निर्वाचन अधिकारी को दिया धन्यवाद :** होम वोटिंग की सुविधा पाकर ग्राम कोचवाय की सुनीति बाई सोम, छुरा के गणेश राम साहू ने बहुत ही खुशी जाहिर करते हुए धन्यवाद दिया। निर्वाचन आयोग द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के लिए घर बैठे मतदान की सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने से आज वो वोट डालने में समर्थ हुए हैं। वरिष्ठ नागरिकों ने कहा कि पहले वे मतदान केंद्र में जाकर वोट डालते रहे हैं। लेकिन उम्र अधिक होने की वजह से मतदान केंद्र में जाना एक चुनौती हो गया था। कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दीपक कुमार अग्रवाल के निर्देशानुसार एवं जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रीता यादव के मार्गदर्शन तथा मीडिया के माध्यम से लगातार मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। जिसके कारण वृद्ध एवं दिव्यांग मतदाता होम वोटिंग एवं मतदान के प्रति जागरूक हुए है। उल्लेखनीय है कि जिले में 85 वर्ष से अधिक 14554 एवं 6290 दिव्यांग मतदाता है। होम वोटिंग के लिए 56 मतदाताओं ने सहमति पत्र दिया था। इस पर होम वोटिंग के लिए निर्वाचन कार्य में लगे अधिकारी-कर्मचारियों ने उनके घरों में जाकर सुविधानुसार मतदान कराया। शेष मतदाताओं ने मतदान के दिन मतदान केन्द्र पर जाकर अपना मताधिकार का प्रयोग करने की बात कही।

### बाल विवाह सामाजिक...

प्रिंटिंग प्रेस, विवाह संस्थान जैसे - गायत्री परिवार, आर्य समाज प्रमुख, विवाह कराने वाले पुरोहित, समस्त टेन्ट हाउस मालिक, समस्त डीजे, बैण्ड बाजा मालिक एवं समस्त नाई से अपील किया है कि विवाह में अपनी सहभागिता देने से पहले बालिका एवं बालक की आयु संबंधित दस्तावेज जैसे अंकसूची, दाखिल खारिज, जन्म प्रमाण पत्र इत्यादि से आयु की पुष्टि अवश्य करे। निर्धारित आयु पूर्ण होने पर ही विवाह कार्यक्रम में अपना योगदान दिया जाना सुनिश्चित करेंगे। विवाह के लिये बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अनुसार वधु की आयु 18 वर्ष एवं वर की आयु 21 वर्ष पूर्ण होना अनिवार्य है। निर्धारित आयु से कम आयु में महिला-पुरुष का विवाह करने या करवाने की स्थिति में सम्मिलित व सहयोगी सभी लोग अपराध की श्रेणी में आयेंगे। जिन्हें 02 वर्ष तक का कठोर कारावास एवं 01 लाख रुपये तक का जुर्माना अथवा दोनों से दण्डित किये जाने का प्रावधान है। बाल विवाह होने की सूचना चाईल्ड हेल्प लाईन नम्बर 1098 या जिला बाल संरक्षण अधिकारी श्री अनिल द्विवेदी का मोबाईल नम्बर 88392-39688 में दे सकते हैं।

## बाइक रैली निकालकर बाबा साहेब के संदेशों को घर-घर तक पहुंचाया गया

# बाबा साहेब के योगदान को देश कभी नहीं भूल पाएगा : रोहित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गरियाबंद

नगर में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। जयंती के दिन सुबह बाइक रैली निकालकर बाबा साहेब के संदेशों को घर-घर तक पहुंचाया गया। 14 अप्रैल को सुबह अंबेडकर चौक स्थित डॉक्टर बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर गाजे-बाजे व बाबा के गगनभेदी जयकारों के साथ नगर के विभिन्न वार्डों में शोभायात्रा यात्रा निकाली गई, जो नगर के विभिन्न मार्ग से होते हुए शासकीय महाविद्यालय प्रांगण स्थित प्रतिमा स्थल तक पहुंची।

जगह-जगह विभिन्न समाज के लोगों ने बाबासाहेब की शोभायात्रा का स्वागत किया। वहीं मुस्लिम समाज ने शरबत व मिष्ठान वितरण किया। सभा स्थल पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि राजिम विधायक रोहित साहू रहे। अध्यक्षता लालिमा ठाकुर, अध्यक्ष जनपद पंचायत ने की। विशेष अतिथि के रूप में सुरेंद्र सोनटके, उमेंद्र सिंह, गेंद लाल सिंह, योगेश बघेल गंगाराम साहनी उपस्थित रहे। सभा को संबोधित करते हुए राजिम विधायक रोहित साहू ने कहा कि बाबा साहब के योगदान को देश कभी नहीं भूल पाएगा। उनका दिया संविधान भारत को हमेशा नई दिशा और आगे बढ़ाने की प्रेरणा के साथ सबको साथ में लेकर चलने की भावना से प्रेरित है।

सबको समान अवसर और बंधुता के साथ सभी की भावनाओं का सम्मान करना हमें यह संविधान सिखाता है। साथ ही बाबा साहब का जीवन कठिनाइयों से भरा रहा, पर वह अपने आने वाली पीढियां को इन कठिनाइयों से दूर रखना चाहते थे। वह नहीं चाहते थे कि उनके आने वाली पीढ़ियां इन कठिनाइयों का सामना करें।





### महिलाओं की शिक्षा के पक्षधर रहे बाबा साहेब

लालिमा ठाकुर ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी महिलाओं को मुख्य धारा में लाने के साथ ही उनके अधिकारों के लिए लड़ने वाले एकमात्र पुरुष थे। जिन्होंने आजादी के समय से महिलाओं को समान अधिकार दिए जाने की वकालत की। वह उनके अधिकारों हको के लिए अपना पद तक त्याग दिया। महिलाओं की शिक्षा के पक्षधर रहे बाबा साहब हमेशा ही कहां करते थे कि देश की आधी आबादी के साथ द्वंद दर्जे का व्यवहार कर देश को आगे नहीं बढ़ाया जा सकता। कार्यक्रम को सुरेंद्र सोनटके, अयूब खान, हेमंत सांग, गेंदलाल सिन्हा, योगेश बघेल सहित अन्य वक्ताओं ने भी बाबा साहब के बारे में अपने विचार रखें। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रमुख रूप से बौद्ध महार समाज अध्यक्ष श्री शिव खापर्डे, एवं समस्त महिला मंडल समाज के समस्त पदाधिकारी युवा साथी बालिकाएं, क्षेत्रीय समाज से पधारे समस्त सामाजिक कार्यकर्ताओं योगदान रहा।

# लोहरसी में अष्टमी के दिन मां शितला के दर्शन करने पहुंचे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोपरा

इन दिनों चैत नवरात्रि की धूम चारो तरफ गूंज रही है। माता रानी की कृपा पूरे श्रद्धालुओं के ऊपर बनी हुई है। क्षेत्र के ग्राम लोहरसी में चैत नवरात्र में अष्टमी के दिन पूरे गांव के लोग इक्क्ठा होकर धूमधाम से मनाया गया। साथ ही भोग भंडारे की व्यवस्था श्रद्धालुओं के लिए किया गया। श्रद्धालु मां शितला के दर्शन करने पहुंचे और प्रसाद प्राप्त कर अपनी मनोकामना मां से प्राप्त किये।





## खबर संक्षेप

### प्रदेश के सभी 11 सीटों में भाजपा प्रत्याशी की जीत होगी : पुजारी



**मैनपुर।** बिन्द्रानवागढ विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक डमरूधर पुजारी ने कहा है कि भाजपा ने लोकसभा चुनाव के अपने जनघोषणा पत्र को मोदी की गारंटी–2024 नाम दिया है, क्योंकि मोदी की गारंटी की सभी वादे केंद्र की सरकार ने पूरे किए है। आज देश ही नहीं छत्तीसगढ़ में भी विधानसभा चुनाव में भाजपा ने मोदी की गारंटी पर चुनाव लड़ी थी, जिस पर जनता ने विश्वास किया और कांग्रेस की कुशासन वाली भूपेश सरकार को सत्ता से उखाड़ फेंका। इस बार भी लोकसभा चुनाव में प्रदेश की जनता केंद्र की मोदी गारंटी पर विश्वास करते हुए छत्तीसगढ के सभी 11 सीटों पर भाजपा प्रत्याशियों को विजय बनायेगी। विधानसभा चुनाव में मोदी की गारंटी की अधिकांश वादों को विष्णुदेव सरकार ने पूरा कर दिया है। भाजपा घोषणा पत्र के सभी वादों को पूरा करने का नाम ही मोदी की गारंटी है।

### खड़मा में हनुमान जयंती पर्व पर चालीसा 23 को

**मुड़ागांव(कोरासी)।** ग्राम खड़मा में 23 अप्रैल दिन मंगलवार को श्री हनुमान जयंती पर्व के पावन अवसर पर ग्राम के त्रिवेणी प्रेमलाल सिन्हा हेमन्त सिन्हा चन्द्रप्रकाश सिन्हा परिवार के द्वारा प्रातः 9:00 बजे से श्री हनुमान जी महाराज पूजन सिंगार चालीसा आरती पंडित दिलीप महाराज द्वारा कराया जायेगा एवं दोपहर 2:00 बजे भोजन एवं भण्डारा का आयोजन किया गया है। दोपहर 3:00 बजे से रामायण पाठसक्रिय महिला मंडली खड़मा के द्वारा शाम 6:00 बजे से युग पुरोहित परमानंद महाराज जी फिंगेश्वर द्वारा श्री हनुमान चरित्र कथा प्रवचन होगा।

### होम वोटिंग के तहत फूल बाई ने किया मतदान

**सुरसाबांधा।** ग्राम सुरसाबांधा में आज लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत होम वोटिंग कराया गया। भारत निर्वाचन आयोग के आदेशानुसार जिला निर्वाचन अधिकारी के मार्गदर्शन में पीठासीन अधिकारी मनोज केला व मतदान दल के सदस्यों द्वारा होम वोटिंग के तहत फूल बाई ध्रुव पति गौरसिंग ध्रुव (91) वर्ष से उनके घर पर ही मतदान कराया गया। घर पर ही मतदान कर फूल बाई ध्रुव ने खुशी जाहिर करते हुये कहा कि उम्र के इस पड़ाव में आकर भी मुझे अपने ही घर पर मतदान करने का अवसर मिला। अगर होम वोटिंग की सुविधा नहीं होती तो मैं मताधिकार से वंचित रह जाती। इस अवसर पर घनश्याम चन्द्राकर राजस्व निरीक्षक बासीन, हल्का पटवारी दिलीप कुमार साहू, कोटवार अनिल टांडिया, बीएलओ अरूणा साहू, वीणा साहू उपस्थित रहे ।

### चंडी बांध के पास से महुआ शराब बरामद

**महासमुंद।** बागबाहरा पुलिस ने पेट्रोलिंग के दौरान चंडी बांध के पास से ग्राम घुचापाली के पास से दीपक चौहान पिता शत्रुघन चौहान (49) वार्ड नं 03 घुंचापाली निवासी को 4 हजार एमएल महुआ शराब कीमती 800 रुपए को बिक्री करते हुए पकड़ा है।

## पर्व : अष्टमी हवन में आहूति डालने देवी मंदिरों व देवालायों में श्रद्धालु शामिल हुए

# नवापारा शहर के मां काली के दरबार में हवन-पूजन में शामिल होने उमड़े भक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम



शहर के मां काली मंदिर में अष्टमी का हवन डालने देवी मां के भक्तों की भारी भीड़ मंदिर परिसर में उमड़ पड़ी थी। हवन-पूजन में मंदिर समिति के अध्यक्ष मेघनाथ साहू, चतुर जगत,डॉ तेजेंद्र साहू सहित अनेक देवी मां के भक्त परिवार के साथ मौजूद थे। हवन के बाद माता की महा-आरती में बड़ी संख्या में देवी मां के उपासक शामिल हुए। मंदिर के आसपास श्रद्धालुजनों की भारी भीड़ नजर आई। मंदिर के चारों तरफ बिजली के झालरों से रोशनी की गई थी जो काफी आकर्षक नजर आ रहा था। काली मंदिर के अलावा शहर के सभी देवी मंदिरों और शक्ति पीठों में हवन का कार्यक्रम देर रात तक चलता रहा। हवन में आहुति डालने जनप्रतिनिधियों से लेकर महिलाएं, युवतियां बड़ी संख्या में शामिल हुए। यज्ञ कुंड में डाले जा रहे आहुति की भीनी-भीनी खुशबू मंदिर परिसर से लेकर शहर के सड़कों और खुले आसमान की ओर फैलता रहा। बड़ी श्रद्धा भक्ति के साथ देवी भक्तों ने माता जी का व्रत-उपवास रखकर हवन में शामिल हुए। इस अवसर पर मां काली मंदिर में माता का विशेष श्रृंगार मंदिर समिति और पंडितों ने किया था। हवन के समय काली मंदिर सहित समूचे शहर में स्वाहा की गूंज हो रही थी। माता के भक्त श्रृंगार का सामान और चुनरी लिए पहुंच रहे थे।

## महाअष्टमी पर देर शाम तक चलता रहा हवन पूजन



**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर सहित क्षेत्र के सभी देवी मंदिरों में मंगलवार को महाअष्टमी के अवसर पर पूर्णाहूति हवन कार्यक्रम में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से लेकर संध्या बेला तक चले इस पूर्णाहूति कार्यक्रम मे भक्त सपरिवार सुख शांति व खुशहाली के लिए पूजा अर्चना कर हवन में आहूति देकर विधि विधान से नव कन्या भोज कराये गये। अंचल स्थित वनविभाग दुर्गा मंदिर प्रागंण, भाठीगढ़ स्थित प्रसिध्द मां पैरी मंदिर, शिव मंदिर, फुलझर मां भगवती, शीतला मंदिर मैनुपर, बाजाघाटी मां बजघटनीन, उंदतेश्वरी मंदिर उदंती, राउलगुड़ी, तौरेंगा, शोभा, गोना, इंदागांव, स्थित देवी मंदिरो मे सुबह से हवन पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आज चैत्र नवरात्रि के अष्टमी तिथि के चलते नव दिनों तक मनोकामना व्रत करने वाले भक्त अपने अपने घरो एवं मंदिरो मे नवकन्या भोज कराते हुए विधि विधान से पूजा अर्चना करते हुए प्रसाद बांटे। वहीं अष्टमी के चलते मंदिरों में ज्योति कलश व माता के दर्शन हेतु आस्था व श्रद्धा लिए श्रद्धालु देर रात तक पहुंचते रहे।

तहसील मुख्यालय स्थित दुर्गा मंदिर में पंडित योगेश शर्मा द्वारा विधिविधान से हवन पुजन सम्पन्न कराया गया। सैकड़ों की संख्या में हवन पुजन में भक्तगण उपस्थित होकर माता के चरणों में आहूती दी, नवरात्री के अष्टमी के विशेष महत्व को देखते हुए भक्तों ने पूरे दिन व्रत रखकर मां दुर्गा चालीसा का पाठ किया। देवी मंदिरो में माता के दर्शन और पूजन के लिए श्रद्धालुओं की भीड उमड़ पड़ी। चैत्र नवरात्री पर घर -घर में मांग दुर्गा के नौ रूपों की उपसाना किया गया।



## नौ कन्याओं को कराया गया भोजन

**मुडाग़ांव(कोरासी)।** ग्राम गिधनी के शीतला मंदिर में चैत्र नवरात्र के महापर्व पर दीप प्रज्वलित किया गया।और लोग प्रतिदिन सेवा गीत आरती किया जा रहा है। और मंगलवार महाअष्टमी के दिन हवन पूजन कर नव कन्याओं को भोजन प्रसाद के रुप में खिलाया गया।

## भेण्डरी में हुआ अष्टमी का हवन-पूजन



**नवापारा-राजिम।** भेण्डरी में पंडित राकेश शुक्ला के मंत्रोच्चार के बीच अष्टमी का हवन हुआ। शीतला मंदिर में 21 कन्याओ का भोज कराया गया। इस अवसर पर बैगा संतराम साहू, सुनील साहू , सरपंच प्रीतराम देवांगन सहित अनेकों गणमान्य नागरिक, देवी मां के भक्त मौजूद थे।

## देवी भागवत कथा का हुआ समापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर मां शीतला की कृपा से शीतला मंदिर प्रांगण पर श्रीमद् देवी भागवत कथा, प्रवचनकार पंडित कालेश्वर प्रसाद तिवारी के मुखारविंद से भक्तगणों को देवी भागवत कथा समापन तुलसी वर्षा व देवी सहस्त्रनाम चढ़ौतरी व भंडारा प्रसादी के साथ सम्पन्न हुआ। यजमान के रुप में चुन्नी लाल सोनी भारती सोनी सेवा में लगे हुए है। परायणकर्ता पंडित भोला पांडेय द्वारा प्रातः व संध्या माता की स्तुति वंदन किया गया। महिला मंडल, शिव-शक्ति महिला मानस मंडली एवं



आयोजन कर्ता ग्राम समिति छुरा के सदस्यों का विशेष सहयोग देवी भागवत कथा में प्राप्त हुआ है। जिसमें प्रमुख रूप से ओंकार शाह, यशपेंद्र शाह, बजरंग पांडेय, शीतल धुव, होमन सोनी, ललित मेहता, बजारू राम, जोगीराम, कुमारसिंह, सुभाष बैगा, संतराम निर्मलकर, लखन तिवारी, मितेश दीक्षित आदि प्रमुख हैं।

## डॉ.भीमराव अंबेडकर जयंती मनाई

**नवापारा-राजिम।** सर्व अनुसूचित जाति कल्याण सेवा समिति द्वारा बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जयंती मनाया गया। कार्यक्रम में दयालु राम गाड़ा प्रदेश अध्यक्ष, भाजपा मंडल अध्यक्ष उमेश यादव, मयाराम साहू, किशन कोसरे, राजेश गिलहरे, गोपी गिलहरे, सुनील सोना, नारायण गरुड़, अशोक सतनामी, गरबा सोना, विनोद बघेल, सुदामा बघेल, कोदूराम, पप्पू, नागेश, कैलाश सोना शामिल थे।



## समाज में फैली कुरीतियों को मिटाना होगाः इंद्रकुमार

**नवापारा-राजिम।** जौन्दी में भक्त माता कर्मा जयंती ग्रामीण साहू समाज के तत्वावधान में मनाई गई। सुबह कलश शोभा यात्रा निकाली गई। कार्यक्रम में विधायक इंद्रकुमार साहू, ब्रह्मानंद साहू तहसील साहू संघ अध्यक्ष, भेखराम साहू, डॉक्टर मनीष साहू, परदेशी साहू, परिक्षेत्र अध्यक्ष खोरबाहरा साहू, टीकम साहू, द्रौपदी साहू,टोमन साहू मौजूद थे। इस अवसर पर विधायक इन्द्रकुमार साहू ने कहा कि हमें गर्व है कि हम उस कुल में जन्म लिए हैं जो माता कर्मा जैसी भक्त संत भगवान जगन्नाथ को अपने हाथ से खिचड़ी खिलाई है। कहा कि समाज में फैली कुरीति को मिटाना होगा। मृतभोज में कलेवा बंद होना चाहिए। शराब सेवन को भी रोकना होगा। बताया कि तीन महिने के कार्यकाल में ही हमने क्षेत्र में करोड़ों रूपए के कार्य स्वीकृत करा दिए। जौन्दी में ही 9 लाख 50 हजार के सीसी रोड, तालाब शेड निर्माण, उपस्वास्थ्य केन्द्र भवन, मिडिल स्कूल के लिए अहाता निर्माण की स्वीकृति हुई है। टीकम साहू ने कहा कि कर्मा माता की जयंती हर वर्ष बड़े धूमधाम से मनाते हैं। कहा कि यदि हमारी बुजुर्ग मां-बाप हमसे अलग रहकर, भोजन बनाते हैं तो यह जयंती मनाना हमारे लिए निरर्थक होगा। पहले मां-बाप की चिन्ता करनी होगी तभी हम सबका कर्मा जयंती मनाना सार्थक कहलाएगा। संचालन शिवकुमार साहू, आभार शत्रूहन साहू ने किया। कार्यक्रम में सूरज साहू, मुकेश ढीढी , तुलाराम, थानूराम शेषनारायण, बसंत साहू हूमन साहू, मिथलेश, दीपक, भोलाराम, रामाधार, सोहन साहू, विश्राम, गोबिन्द, येषकुमार, ईदेश, तुलाराम, सुरेश कुमार, लता साहू, केजा, हेमलता, तीजबती साहू कावेरी, पूर्णिमा, कविता, सुनीता, केजा, कौशिल्या सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद थे।



## मंदिरों में सुबह से ही भक्तों का दर्शन के लिए लगा रहा तांता

# महाअष्टमी पर देवी मंदिरों में हुआ हवन-पूजन



**गरियाबंद।** नवरात्रि पर्व की महाअष्टमी पर देवी मंदिरों में हवन-पूजन हुआ। नवरात्र में उपवास रखने वाले श्रद्धालुओं ने पूर्णाहुति के साथ अपना उपवास तोड़ा और देवी मंत्रोचार से मंदिर में गूंजता रहा। अष्टमी को लेकर देवी मंदिरों में सुबह से ही भक्तो का दर्शन के लिए तांता लगा रहा। और दिनभर भक्तों के मंदिरों में पहुंचने का सिलसिला जारी रहा। शक्ति की आराधना का पर्व चैत्र नवरात्रि के अष्टमी तिथि को नगर के शीतला मंदिर एवं दुर्गा मंदिर सहित अन्य देवी मंदिर में हवन पूजन और कन्या पूजन किया गया। हवन पूजन में नगर के प्रतिष्ठित व्यक्ति एवं बड़े संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। हवन पूजन में शामिल हुए सभी श्रद्धालुओं ने हवन कुंड में आहुति दी। हवन -पूजन पाश्चात्य श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। कुछ लोग अष्टमी तो कुछ नवमी तिथि पर हवन करते हैं। नवरात्र में महाष्टमी का विशेष महत्व है, जिसे देखते हुए मंदिर में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा। मंदिरों में सुबह माता की विशेष पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद हवन-पूजन का आयोजन किया गया। शीतला मंदिर और दुर्गा मंदिर में सुबह से ही हवन-पूजन के तैयारियां चल रही थीं। दोपहर बाद हवन-पूजन शुरू हुआ, जो शाम 4 बजे तक चला। भक्तों के लिए मंदिर परिसर में हवन कुंड का निर्माण किया गया था। हवन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शमिल हुए। हवन पश्चात माता की आरती संपन्ना हुई। इसी प्रकार माता शीतला मंदिर में भी माता के दर्शन के लिए भक्तों की लंबी कतार सुबह से ही लगी हुई थी। दो बजे मंदिर प्रांगण में महाष्टमी हवन का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में भक्तगण शामिल हुए। शहर के अन्य देवी मंदिरों में भी अष्टमी के अवसर पर हवन-पूजन हुआ। नवरात्रि में शक्ति की भक्ति में डूबे श्रद्धालुओं ने हवन में हिस्सा लेकर सुख-शांति के लिए माता का आशीर्वाद प्राप्त किया।

